<u>धरती दिवस</u> – 'करो सफ़ाई'

| धरती के संरक्षण के प्रति आज सारा विश्व प्रयत्नशील है। धीरूभाई अम्बानी इंटरनेशनल स्कूल में भी प्राइमरी के बच्चों ने 'धरती को स्वच्छ' रखने का संदेश, एक लघु नाटिका, कविता, नृत्य तथा सुमधुर गीतों के माध्यम से दिया।

कार्यक्रम का आरम्भ कक्षा 'दो' के बच्चों ने एक लघु नाटिका से किया। इस नाटक में बड़े ही मनोरंजक ढंग से बच्चों ने अपने स्कूल, घर और आसपास को साफ़ रखना

सिखाया। **'के जी'** के बच्चों ने कचरा कहाँ डालें बताया तो कक्षा एक के बच्चों ने कविता सुनाकर नाटक को बढ़ाया। नाटक का अंत कक्षा दो के बच्चों ने सुमधुर स्वर में 'करो सफ़ाई' गीत गाकर किया।

कक्षा चार के बच्चों ने प्लास्टिक से होने वाली हानि को एक नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। नीले और हरे रंग के कूड़ेदान बनाकर उनकी उपयोगिता के विषय में भी बताया।

इस तरह धरती को स्वच्छ रखने का महत्वपूर्ण संदेश बड़े ही रोचक ढंग से **बच्चों दवारा बच्चों तक** पहुँचाया गया।